कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0,

संख्या–एम0ई0–3/2020/1192 लखनऊः दिनांक 14 जुलाई, 2020

यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

(1) यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 की प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से आवंटित ऐसे अभ्यर्थी जो पी0एच0एम0एस0 सेवा संवर्ग के है, वे अभ्यर्थी अपने मूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं कार्यमुक्त होकर संबंधित अभ्यर्थी आवंटित कालेज/ संस्थान/विश्वविद्यालय में अपना योगदान निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रस्तुत कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

(2) प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी यदि द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में अपग्रेड कर चुके है तो ऐसे अभ्यर्थी प्रथम चक्र की काउंसिलिंग के माध्यम से जमा गयी शिक्षण शुल्क की रसीद एवं पूर्व आवंटित संस्था की मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जमा रसीद एन0ओ0सी0 के साथ आवंटित कालेज में प्रवेश प्रकिया सम्पन्न करायेंगें।

(3) ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से पूर्व प्रवेशित सीट पुनः आवंटित हो गयी है, उन्हें पुनः कालेज/नोडल सेन्टर पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

(4) प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 18 जुलाई, 2020 तक सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें।

(5) राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु शिक्षण शुल्क रू0 30,000/– संबंधित अभ्यर्थी से पूर्व में ही जमा कराया जा चुका है। अतः संबंधित कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय आवंटित अभ्यर्थियों से रू0 30,000/– की धनराशि घटाते हुए शेष शिक्षण शुल्क जमा कराये, यह धनराशि महानिदेशालय द्वारा संबंधित कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय को भेजी जायेगी।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2020/ लखनऊः तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
2. समस्त राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य (प्रशिक्षण) उ0प्र0, लखनऊ।
4. राजकीय क्षेत्र के समस्त मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय।
5. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए उपर्युक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट *https;//upneet.gov.in* पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. डा0 बी0डी0 सिंह, सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट *www.updgme.in* पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
7. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

(के0के0 गुप्ता)
महानिदेशक।